श्री त्रिनेत्र गणेश मेला शांतिपूर्ण हुआ सम्पन्न, लाखों की संख्या में दर्शन को आए श्रद्धालु

सवाई माधोपुर, । रणथम्भौर किला स्थित मंदिर में 6 से 8 सितम्बर, 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय श्री त्रिनेत्र गणेश मेला रविवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालु भगवान त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शन के लिए बसो, ट्रेक्टरों, कारो, जीपों, कैंटरो, मोटर साईकिलों तथा पैदल अपनी मनोकामना लेकर आए। श्रद्धालु उनके गांवों से ही घेरा (वाद्य यंत्र) पर गजानन्द महाराज के जन्मोत्सव के लोक गीत गाते एवं नृत्य करते मंदिर तक उनके दर्शन हेतु पहुंचे और आरती की। श्रद्धालुओं ने गणेश जी की पत्नियों रिद्धी-सिद्धी तथा पुत्रों शुभ, लाभ के दर्शन कर हाथ जोड़कर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करने हेतु प्रार्थना की। दर्शन के उपरांत यात्रियों ने रणथम्भौर किला परिसर के विहंगम दृश्यों को उनके मोबाईलों में कैद किया और सेल्फी ली। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने मेले में लगी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने, घर के लिए घरेलू सामान खरीदा। वहीं बच्चों ने झूला चकरी पर झूल कर मेले का आनंद लिया। वहीं बच्चों, स्त्री, पुरूषों ने मेले में लगे भण्डारों पर खाद्य सामग्री का भरपूर आनंद लिया। मेला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देशानुसार त्रिनेत्र गणेश मंदिर पधारने वाले लाखों श्रृद्धालुओं की सुरक्षा एवं मेले में स्वच्छता बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता रही। श्रद्धालुओं की जान व माल की सुरक्षा हेतु 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। वहीं नगर परिषद सवाई माधोपुर, पंचायत समिति सवाई माधोपुर, गणेश मंदिर ट्रस्ट एवं पुरातत्व विभाग के कार्मिकों एवं स्वयं सेवकों द्वारा नियमित रूप से साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा गया। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चल शौचालयों के साथ-साथ अस्थाई शौचालयों का भी इंतजाम किया गया है।मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भक्तों द्वारा जगह-जगह सब्जी, पुड़ी, चाय, पानी, फल आदि के नि:शुल्क भण्डारे लगाए गए। जहां पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों ने भण्डारे में प्रसादी ग्रहण की। प्रशासन द्वारा मेले में श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए नि:शुल्क भंडारों पर साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी की गई। मेले में नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा भी ट्रैक्टर ट्रॉली और ऑटो टिपर के माध्यम से समय-समय पर कचरा भरकर निस्तारण किया गया।

सुन्दरकाण्ड का पाठ आयोजन

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद, शाखा गंगापुर सिटी द्वारा संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को शाम 7 बजे कुशालगढ श्री श्याम मंदिर गंगापुर सिटी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सर्वप्रथम भारत विकास परिषद केन्द्रीय दायित्वधारी संतोष गुप्ता, प्रातीय अध्यक्ष हर्षवधन शर्मा, श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद, सचिव श्री कृष्ण कुमार गुप्ता जी कुबेर मेडिकल, कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल घोलेटा, परिषद शाखा समन्वयक वेदप्रकाश शर्मा, प्रांतीय दायित्वधारी अनिल खंडेलवाल, प्रमोद बोहरा, शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद, श्याम बाबा एवं हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। शाखा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी परिषद के सभी वरिष्ठ दायित्वधारियों, श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों तथा श्रद्धालुओं का तिलक एवं दुपट्टा उडाकर स्वागत किया गया। रामदयाल मीना सचिव ने बताया कि श्याम मंदिर कमेटी सचिव ने भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा श्याम मंदिर को सुंदरकांड पाठ के लिए चुनने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। लालसोट की भजन मंडली महेश चन्द शर्मा एंड ग्रुप द्वारा देर रात्री तक सुंदरकांड पाठ एवं श्याम भजनों का आयोजन किया गया है, उपस्थित सभी भक्तजनों ने सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजनों का भरपूर आनन्द लिया और अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अरविंद खंडेलवाल ने मंदिर कमेटी के सहयोग पर कमेटी के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस भव्य आयोजन में वैध तुलसी राम गुप्ता, डॉ. दिनेश गुप्ता पीएमओ, कोषाध्यक्ष अनिल वैष्णव, कुशालगढ अध्यक्ष विष्णु गुप्ता, जितेंद्र मंगल, राहुल गुप्ता, लक्ष्मी कुमार अग्रवाल, मदनमोहन आर्य, कैलाश चंद मित्तल, संस्कृति सप्ताह प्रकल्प प्रभारी देवेश पीतलिया, दीपक गर्ग, रेखा सिंघल, पुष्पा आर्य, राधा दीक्षित, पूजा गुप्ता, मधु गुप्ता, पुष्पलता मित्तल, हेमलता मंगलआदि सहित बडी संख्या में महिला, पुरुष मौजूद थे।

15 नए सदस्यों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई

भरतपुर (निस)। शहर कांग्रेस कमेटी भरतपुर के तत्वाधान में भरतपुर पिक्चर पैलेस पर कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस पार्टी का परिवार बढ़ाने की दिशा में पार्टी की रीती नीतियों से प्रभावित 15 नए सदस्यों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों में सर्वप्रथम उम्मेद सिंह काजू, प्रिंस शर्मा, अर्जुन सिंह पठानिया, सोहन सिंह सोनू, कुलदीप सिंह, राजेंद्र जैन बंटी, अमर सिंह, विमल सिंह, जय सिंह, बने सिंह, किशन सिंह, राजेश टेलर, महेश शर्मा तथा विजेंद्र शर्मा मुख्य रूप से थे। सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों का कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, सांसद संजना जाटव, पीसीसी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट तथा शहर अध्यक्ष डॉ दयाचंद पचौरी ने माला पहनाकर तथा कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत तथा सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए शहर संगठन महासचिव डॉ लोकपाल सिंह ने सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मौजूद कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं सांसद संजना जाटव तथा पीसीसी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों को शुभकामनाएं शुभकामनाएं देते हुए पार्टी की रीति नीति एवं सिद्धांतों से अवगत कराया तथा पार्टी में अपनी सक्रियता एवं भागीदारी तथा निष्ठा से कार्य करने की उम्मीद व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर कांग्रेस अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इन 15 सदस्यों के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। पचौरी ने बताया कि इन नए 15 सदस्यों में सभी समाजों का प्रतिनिधित्व शामिल है। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया तथा आभार एवं धन्यवाद प्रदर्शन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ब्लॉक अध्यक्ष कुम्हेर लाखन सिंह हिंगोली, श्रीभगवान कटारा, राजेंद्र सारस्वत, रमेश धावाई, गंगाराम पाराशर, बृजभूषण जाटव, वीरेंद्र नागर, जीवन लाल शर्मा, प्रकाश मैथल, हरिमोहन शर्मा, अमित कुमार एडवोकेट, नरेश लवानिया, मनोज पटेल, मेघ सिंह सरपंच, मुकेश डागुर, राहुल शर्मा, राहुल सिंह, नवल सिंह, उम्मेद सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सार-समाचार

दो दिवसीय वाक् पीठ संगोष्ठी संपन्न

गंगापुर सिटी । प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की दो दिवसीय वाक् पीठ संगोष्ठी 6 सितंबर से 7 सितंबर को भगवती पैलेस उदेई मोड गंगापुर सिटी में संपन्न हुई। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायत समिति प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक गंगासहाय मीणा द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी संरक्षक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीणा प्रधानाचार्य एवं यूसीओ ओमप्रकाश बैरवा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद बैरवा, आर पी बलराम मीणा, प्रधानाचार्य महिलाल मीणा उपस्थित रहे। वाक्पीठ संगोष्ठी में विद्यालय विकास में संस्था प्रधान की भूमिका, यू डाइस, ज्ञान संकल्प, कक्षा शिक्षण, शिक्षण योजना, बालिका शिक्षा, आत्मरक्षा, शाला दर्पण, प्रवेश उत्सव एवं नामांकन वृद्धि, नाकारा सामान निस्तारण विषयों पर वार्ताकारों द्वारा चर्चा की गई। वार्ताकारों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापकों का सम्मान किया गया। समापन समारोह शनिवार को संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी गंगासाय मीणा, विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत प्रधानाचार्य कमलेश कुमार जोशी, प्रधानाचार्य गिर्राज प्रसाद बैरवा, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार मीणा, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह गुर्जर प्रधानाचार्य, महिलाल मीणा प्रधानाध्यापक, संतोष कुमार मीणा उपस्थित रहे। संगोष्ठी संरक्षक महेश कुमार मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। वाक् संगोष्ठी के प्रभारी प्रधानाध्यापक केदार लाल शर्मा, वाक् पीठ संगोष्ठी अध्यक्ष कुंजीलाल मीणा प्रधानाध्यापक रा बा उ प्रा वि टोकसी एवं संयोजक महेश चंद जैन प्रधानाध्यापक राउप्रावि मोतीपुरा द्वारा समस्त आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

भरतपुर (निस)। चतुर्वेदी समाज ब्रजमंडल भरतपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सुनील चतुर्वेदी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्य आतिथ्य, शरद चतुर्वेदी प्रमुख उद्योगपति की अध्यक्षता, गिरधारी तिवारी पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, मुकेश गौतम पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका वृंदावन, परम पूज्य रामनिवास गुरुजी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मंचासीन अधिकारियों ने गणेश जी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चतुर्वेदी समाज के जिला अध्यक्ष रामचंद्र चतुर्वेदी ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करते हुए अतिथियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई। जिसमें संतोष चतुर्वेदी को मंत्री पंडित योगेश चतुर्वेदी को सह मंत्री महेश चतुर्वेदी को कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी सीटीआई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी, भगवती चतुर्वेदी ओम प्रकाश चतुर्वेदी चुरारी को उपाध्यक्ष, अशोक चतुर्वेदी एडवोकेट, कृष्ण दयाल चतुर्वेदी एडवोकेट को विधि सलाहकार, ओमप्रकाश चतुर्वेदी को ऑडिटर, रोशन लाल चतुर्वेदी सुनील चतुर्वेदी शिवराम चतुर्वेदी मदन चतुर्वेदी को सांस्कृतिक सचिव, मोहित चतुर्वेदी सुभाष चतुर्वेदी बाबूलाल चतुर्वेदी हरि चतुर्वेदी बंटी चतुर्वेदी सोनू चतुर्वेदी को प्रवक्ता एवं अमरचंद चतुर्वेदी को प्रचार प्रसार सचिव मनोनीत किया गया।

गुमाणों माता की पद यात्रा रवाना

करौली(नि.स.)। करनपुर वाली गुमाणो माता की पद यात्रा जगदम्बा मंदिर तीनबड़ करौली से रवाना हुई भक्तो ने देवी एवं रथ का पूजन किया तथा दानदाता भक्तो का माला पट्टी पहनाकर स्वागत किया। पद यात्रा को करौली विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्रसिंह गुर्जर एवं रामरूप प्रजापत डायरेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया संयोजक छीतर लाल प्रजापति एवं दुर्गा लाल ठेकेदार ने बताया कि तीसरी बार पद यात्रा नि:शुल्क जा रही है सचिव गंगाराम प्रजापत,राजाराम ठेकेदार,रमेश चंद प्रजापति अध्यापक,रामसुइया,आदि उपस्थित रहे इस दौरान पद यात्री माता के भजनो पर नाचते गाते रवाना हुए पद यात्रा का रात्री विश्राम अखिल भारतीय प्रजापति धर्म शाला में हुआ द्वितीय दिवस आज सोमवार को आ'ा की वॉच टावर पर भंडारा होगा व पद यात्रा के करणपुर पहुँचने पर मंदिर प्रांगण मे फूल बंगला कि झांकी सजाई जाएगी।

68 वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज से

सूरौठ । जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय करौली के निर्देशानुसार 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 17/19 वर्ष छात्रा वर्ग सत्र 2024/25 का उद्घाटन समारोह महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सूरौठ के तत्वाधान में होगें ,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ के खेल मैदान पर प्रात: 8:30 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। संयोजक एवं प्रधानाचार्य एमडी भावना, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह सुग्रीव सिंह मीणा व कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह रजनीश मीणा करेंगे इस प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन,, जूडो , टेबल टेनिस, , ताइक्वांडो, कुश्ती, साइकिलिंग, खेल आयोजित होंगे ।

विधायक को सौंपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। पांचना पर्यटन विकास समिति द्वारा रविवार को पांचना बांध को पर्यटक स्थल घोषित किए जाने के संबंध में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौपा। पांचना बांध को पर्यटक स्थल घोषित करने के लिए सर्व समाज कि ओर से जोरदार मांग उठाई गई। इसमें समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बैंसला, महामंत्री अश्विनी पाराशर, सलाहकार मॉर्निंग वॉक कमेटी के अध्यक्ष भरोसी लाल स्वर्णकार, सुधीर नायर, महेश बाबू गुप्ता, सियाराम गुर्जर खेड़ा, सचिव राजू गुप्ता, बॉबी राजावत, महेंद्र गुर्जर, रामनरेश गुर्जर, विश्राम सिंह नेकाडी, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, राजेंद्र सूबेदार, नरेंद्र गुर्जर, दयाल गुर्जर आदि शामिल रहे।

महिला इकाई द्वारा नंदोत्सव कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। महाराजा अग्रसेन सेवा संस्थान राजेंद्र नगर जवाहर नगर महिला इकाई द्वारा नंदोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख इकाई अध्यक्ष प्रमेंद्र गुप्ता कार्यवाहक महामंत्री परशोत्तम गुप्ता, महिला इकाई अध्यक्ष अंजना बंसल, मीरा गर्ग, डा.मिथलेश अग्रवाल, केके गर्ग, राकेश गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, सुधीर मित्तल, विनीता गुप्ता एवम अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक आशा अग्रवाल ने बताया ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि जिला अग्रवाल महिला अध्यक्षा शालिनी मित्तल, ट्रेसरर सपना डीगिया, महामंत्री सीमा मित्तल, शहर अध्यक्ष प्रति कंसल, निशा गोयल, पारूल अग्रवाल का माला एवम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में बच्चे राधा कृष्ण रूप सज्जा, मां जशोदा कन्हैया नृत्य सामूहिक भजन एवम नृत्य आदि आयोजित हुए। ईकाई की महिला एवं बच्चों ने नंदोत्सव में खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम में जशोदा के रूप में विनीता गुप्ता एवम उनकी महिला सदस्यों ने आकर्षक ग्रुप डांस कर बधाइयां बांटी। रूप सज्जा में राधा स्वरूप में लाव्या मित्तल प्रथम, रुद्राणिक सेकंड रहीं। कृष्ण सज्जा में अव्यांश बंसल प्रथम, तेजस बंसल सेकंड रहे। समारोह में अपनी प्रस्तुति देने वाले सभी को पुरुस्कार दिए। कार्यक्रम में सीए के के अग्रवाल, लक्ष्मी नारायन मित्तल, राजेंद्र गोयल, नरेन्द्र गर्ग के आलावा बड़ी संख्या संस्थान के महिला एवम पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा अल्का गोयल एवम शारदा गोयल द्वारा किया।

बिटिया डॉ. आशा शर्मा को किया सम्मानित

भरतपुर (निस)। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में भरतपुर की लाडली बिटिया डॉ आशा शर्मा पुत्री शिशुपाल लवानियां का हिन्दी में सूर्य के काव्य में बृज जीवन विषय पर पीएचडी की उपाधि हासिल करने एवं अपने परिवार व भरतपुर जिले का नाम रोशन करने पर, पैराडाइज कॉलोनी, भरतपुर स्थित उनके निज निवास पर दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। सभी प्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लाडली बिटिया डॉ आशा शर्मा ने पीएचडी का अपना शोधकार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की प्रोफेसर मन्दाकिनी मीना के निदेशन में पूर्ण किया। इस अवसर पर उनके पिता रांगेय राघव कॉलेज के निदेशक एवं सेनानिवृत्त अध्यापक शिशुपाल लवानियां का भी साफा-माला।

दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर के स्वागत-सम्मान किया गया। डॉ. आशा शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय, अपने माता-पिता, ससुरालीजन साथ-साथ अपने गुरूजनों को दिया। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि भरतपुर की लाडली बिटिया ने यह सिद्ध कर दिखाया कि यदि साध्य मजबूत हो तो साधन कोई मायने नहीं रखते। विषम पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद भी बच्ची ने अपने इरादे मजबूत रखें और अपने लक्ष्य को साबित कर दिखाया। सभी परीक्षार्थियों को ऐसे होनहार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, रांघेय राघव कॉलेज के निदेशक शिशुपाल लवानियां, सेवानिवृत्ति थानेदार प्रभुदयाल कटारा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, समता आंदोलन समिति जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेशचन्द शर्मा जघीना, शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा आदि मौजूद थे।

आखरी कुश्ती में दीपक नूरपुर रहे विजेता

सूरौठ । तहसील के समीपवर्ती ग्राम पाली में हनुमान जी की कृपया से इस वर्ष भी मेले कुश्ती मेले का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया समाज सेवी प्रदेश अध्यक्ष (लाल सेना) सचिन शर्मा ने बताया की मेले में हजारो की संख्या मै दुर दराज से लोग एकत्रित हुए व कुश्ती में करौली धौलपुर दौसा भरतपुर व हरियाणा से भी पहलवान आकर कुश्ती में अपने दाव पेच आजमाये आख़री कुश्ती 15000 हजार रुपए की सन्नी कैंथल व दीपक नूरपुर के बीच हुई जिसमे दीपक नूरपुर विजयी हुआ जिस कमेटी सदस्यों ने विजेता खिलाड़ी का माला व साफा पहनाकर व ईनाम राशि देकर स्वागत सम्मान किया गया कुश्ती दंगल कों आस पास के क्षेत्रों से देखने आयें लोगों ने कुश्ती के दांव-पेचों कों देखकर भरपूर आनंद लिया।

प्रबंधन एवं लीडरशिप का प्रशिक्षण लिया

भरतपुर (निस)। आईआईएम उदयपुर में राजस्थान के पीएमश्री विद्यालय के संस्था प्रधानों ने लीडरशिप एवं प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण लेकर आये। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर के संस्था प्रधान हेमचंद गोयल ने बताया कि आवासीय प्रशिक्षण 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक आईआईएम उदयपुर में कराया गया। जिसमें प्रोफेसर अशोक बैनर्जी आईआईएम उदयपुर द्वारा वित्तीय प्रबंधन, प्रोफेसर सी.पाण्डुरंगाभट्टा आईआईएम कलकत्ता द्वारा 21वीं सदी की स्कूली शिक्षा की चुनौतियां और नेतृत्व संबंधी मुद्दे का ज्ञान का विकास करना, व्यक्तिगत समूह कार्य प्रस्तुतियां बनाना एवं प्रबुद्ध नेतृत्व और समूह कार्य प्रस्तुतियां, प्रोफेसर राकेश गोधवानी स्कूल ऑफ मीनिंगफुल एक्पीरियेंस के संस्थापक द्वारा स्कूल प्रिंसीपलों के लिए प्रभावशाली संचार, प्रोफेसर रंजन के.मित्तर प्रिंसीपल द फ्यूचर फाउण्डेशन स्कूल कोलकत्ता के द्वारा मूल्य आधारित संगठन चलाना एवं स्कूल विकास के दृष्टिकोण कुछ सीखें, प्रोफेसर विजयता दोशी आईआईएम उदयपुर द्वारा टीम निर्माण एवं कौशल को बढ़ाना, प्रोफेसर दीना बैनर्जी आईआईएम उदयपुर द्वारा परिवर्तन से नेतृत्व एवं नेतृत्व से परिवर्तन पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में उक्त प्रोफेसरों द्वारा रचित विभिन्न पुस्तकें एवं अन्य स्टडी मैटेरियल दिया गया। कार्यक्रम प्रशासन सुमन राजपूत रहीं, जिन्होंने व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण पूर्ण कराया। अन्त में चेयरपर्सन प्रोफेसर एन विश्वनाथन एवं प्रोफेसर विजया दोशी द्वारा सर्टिफिकेट दिये गये एवं विद्यार्थियों सहित आईआईएम में पुन: आने हेतु आमंत्रित किया। आवासीय व्यवस्था होटल इन्दर रेजीडेंसी उदयपुर में रही। अन्त में समस्त संस्था प्रधानों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण मिलने पर आईआईएम उदयपुर के समस्त पदाधिकारियों का एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर का आभार व्यक्त किया।

कॉलोनी जलमग्न टापू बनी

भरतपुर (निस)। इस बार बरसात का मौसम शहर की कई कॉलोनियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। शहर की कई कॉलोनियों के निवासी जलभराव की समस्या का सामना करने को मजबूर हो रहे है। भले ही प्रशासन के द्वारा पम्प सेट लगाकर पानी निकालने की कवायद की है। लेकिन भारी बारिश और पानी की उचित निकासी की व्यवस्था ना होने के कारण। ये व्यवस्था नाकाफी बनी हुई है।

इसी प्रकार का नजारा पॉश कॉलोनियों में शुमार जवाहर नगर कॉलोनी के समीप बनी सौ परिवार कों की आवासीय खादी कॉलोनी में देखा जा रहा है। जहां खादी कॉलोनी जलमग्न टापू बनी हुई है। इस कॉलोनी के निवासी अपने घरों में कैद होने के मजबूर हैं। अधिकतर लोग आने जाने के लिए वाहनों का उपयोग करने को मजबूर हैं।

क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग से आमजन परेशान

कामां (निस)। कामां पहाड़ी की 22 किलोमीटर की सड़क मार्ग पर जगह जगह खड्डे व क्षितग्रस्त होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कामां से पहाड़ी विभिन्न वाहनों का समय 20 मिनट से लेकर 30 मिनट तक का समय लगता है। जबकि इस समय कामां से पहाड़ी पहुंचने में वाहनों का समय क्षितग्रस्त सड़क मार्ग होने के कारण दो घंटे लगता है। जिसके कारण वाहनों में बैठी सवारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षितग्रस्त सड़क मार्ग से कई वाहने सड़क में पड़े गड्ढों के कारण फंस जाते हैं व पलट जाते हैं। जिन्हें क्रेन के द्वारा बाहर निकाला जाता है। करीब दस माह से पूर्व राहगीर इस सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन वो समय कब आएगा जब इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। वही दूसरी ओर गहलोत सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कामां से बरसाना स्थिति नवीन सड़क का निर्माण कार्य बंद होने के कारण इस सड़क पर जाने वाले वाहनों को नंदगांव होते हुए सफर तय करना पड़ रहा है। जैसा की विधित होगा पर्यटन धार्मिक नगरी बरसाना राधा रानी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में भक्त प्रतिनिधि दर्शन करने के लिए प्रात: व सायं को जातें हैं।

ललिता मुड़िया में जुगल किशोर मंदिर ढहा

हलैना (निस)। उपखण्ड क्षेत्र के ललित मुड़िया गांव में करीब 400 वर्ष पुराना जुगल किशोर महाराज का मंदिर ढह गया। जिससे गांव में भगदड़ मच गई और श्रद्धालु बाल बाल बच गए। ये हनुमान की कृपा से अनहोनी टल गई। मंदिर ढहने की आवाज, मंदिर में फंसे महिला एव बच्चों की चीख पुकार सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े। जिन्होंने कड़ी मकसद के बाद जर्जर मंदिर के अंदर से महिला और बच्चों को सुरक्षित निकाला। मंदिर ढहने की सूचना के बाद भी जनप्रतिनिधि व देवस्थान के अधिकारी नहीं आए। ललिता मुड़िया के लोगो ने बताया कि गांव के मध्य प्राचीन जुगल किशोर महाराज का मंदिर है। जिसकी गांव के लोग पूजा अर्चना और देखभाल करते थे। भरतपुर रियासत के महाराजाओं के द्वारा जिस पुजारी को मंदिर की पूजा अर्चना की जिम्मेदारी सौंप थी। वे मंदिर में विराजमान जुगल किशोर बिहारी महाराज की प्रतिमाओ को लेकर अपने गांव ले गया और इस मंदिर के नाम करीब 80 बीघा भूमि है। वर्तमान में मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। जिसकी लंबे समय से मंदिर की पूजा पाठ नहीं होती देख गांव के लोग ही पूजा करने लगे। शनिवार की साय गांव के यश सैनी, मोहित प्रजापत एव गांव की दो महिलाएं हनुमान की आरती कर रही। तभी धडढाम से मंदिर का प्रवेश द्वार व दीवार ढह गया। मंदिर ढहने तथा उसमें फसे श्रद्धालुओं की आवाज सुनकर गांव के लोग मदद के लिए दौड़े। जिन्होंने कड़ी मेहनत करके श्रद्धालुओं को निकाला। साथ ही प्रशासन व देव स्थान विभाग को उक्त मामले से अवगत कराया। यश सैनी एव मोहित प्रजापत ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से अनहोनी टल गई है। जब मंदिर की दीवार टूटी। उस समय हनुमान जी की आरती में मग्न थे।

साक्षरता दिवस का आयोजन

भरतपुर (निस)। अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर में एन.एस.एस. की दोनो ईकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में विष्व साक्षरता दिवस के अवसर पर विचार संगोश्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ केके शर्मा, भूपेन्द्र सिंह, सतपाल सिंह, लोकेश शर्मा, राजेष राजपूत उपस्थित रहें। सभी अतिथियों ने साक्षरता सम्बन्धी विचार प्रकट किये। कार्यक्रम मे छात्रा प्रतिभा सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विश्व साक्षरता के तथ्यों को सबके सामने प्रस्तुत किया। इसी के साथ छात्रा कनुप्रिया व अनन्या ने साक्षरता के प्रति जागरूक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रूवी सिंघल ने छात्राओं को बताया कि 8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व में शिक्षा के महत्व को दर्शाने और निरक्षरता को समाप्त करना है।

नेहरू पब्लिक उ.मा.वि.सूरौठ में 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

सूरौठ । तहसील स्थित नेहरू पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 68 वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समारोह के साथ शुभारंभ हुआ, संयोजक एवं प्रधानाचार्य, राजेंद्र शर्मा व अनिल गुधैनिया ,नरेंद्र बाबा ने बताया की इस अवसर पर कार्यक्रम कि अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच पिंकेश शर्मा द्वारा कि गई,व मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा रहे जिन्होंने ने सभी खिलाड़ी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने क्षमता और योग्यता के अनुरूप अगर कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तो वह निश्चित रूप से नाम रोशन करते है।

आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर खिलाड़ी छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में अलग तरह की प्रतिभा छुपी होती है।

जिसे प्रदर्शित करने का अवसर अगर मिलता है तो निश्चित रूप से वह विशिष्टता के साथ आगे बढ़ता है और परिवार, विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करता है । उन्होंने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते कहां की खेल जीवन का अभिन्न है। इससे विद्यार्थी के मानसिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास भी होता है। उन्होंने मौजूद सभी शारीरिक शिक्षको से प्रतियोगिता के दौरान पूरी निष्पक्षता और निष्ठा के साथ निर्णय देकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देने की बात कही उन्होंने कहा कि निर्णायक का निर्णय खिलाड़ी के भविष्य का निर्धारण करता है ।

इसलिए इसमें चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए । सा